निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

# बिहार गजट
## असाधारण अंक
## बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

**5 वैशाख 1939 (श0)**

**(सं0 पटना 324) पटना, मंगलवार, 25 अप्रील 2017**

सं० स्था0 नि0 को0 (01)–08 / 2015–10

वित्त विभाग

संकल्प

25 अप्रील 2017

**विषयः– वित्त विभाग के अन्तर्गत अंकेक्षण निदेशालय के गठन के संबंध में।**

आंतरिक अंकेक्षण एवं स्थानीय निधि अंकेक्षण को और प्रभावशाली बनाने के लिए पूर्व में वित्त विभाग के अंतर्गत कार्यरत वित्त अंकेक्षण शाखा को **"अंकेक्षण निदेशालय"** के रूप में गठित किया जाता है। इस निदेशालय का मुख्यालय पटना होगा। निदेशालय के प्रमुख को बिहार सेवा संहिता के नियम 21 के अंतर्गत विभागाध्यक्ष के रूप में घोषित किया जाता है एवं आंतरिक अंकेक्षण तथा स्थानीय निधि अंकेक्षण के कार्य से संबंधित बिहार सेवा संहिता, बिहार वित्तीय नियमावली तथा राज्य सरकार के अन्य नियमो और संहिताओं में प्रदत विभिन्न शक्तियों का प्रयोग करने के लिए उन्हें प्राधिकृत किया जाता है।

2. प्रस्ताव में मंत्रिपरिषद् की सम्पन्न बैठक दिनांक 03.03.2017 को मद संख्या–16 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है। संचिका संख्या– स्था0 नि0 को0 (01)–08 / 2015–103 / टि0

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
राहुल सिंह,
सरकार के सचिव

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 571+10-डी0टी0पी0।